# चलो रे मन खाटू धाम चलिए | By Suren Namdev

चलो रे मन खाटू जी चलिए
चलो रे मन खाटू जी चलिए
करेंगे दर्शन बाबा श्याम के
और कुछ ना चाहिए
चलो रे मन.........

श्याम नाम को गाये गाये के
जीवन सफल बनाये जा
कर परिक्रमा प्रेम डगर की
अपना भाग्य जगाये जा
प्रेमी की कर संगत प्यारे
श्याम का सेवक बनिए
चलो रे मन.........

प्रेम ही है आधार सभी का
हरी दास ने गाया था
चारो और अँधेरा था जब
श्याम ही मेरा आया था
श्याम नाम की धुन है बाजे
इसी धुन पे नाचिये
चलो रे मन.........

बाबा की पावन धरा पे आके
प्यास मिटे है जीवन की
बन के कमला लौट लगाऊं
सुध रहे ना तन मन की
ढोल नगाड़ो से आरती होती
मन की लौ लगाइये
चलो रे मन.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%8f-by-suren-namdev/